# कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा संगोष्ठी का आयोजन

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 68वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अपर आयुक्त उपेंद्र शर्मा के निर्देश पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय रोहिणी द्वारा सोमवार को होटल क्राउन प्लाजा में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निदेशक रवि शंकर, सहायक निदेशक राकेश कुमार, कुलदीप कुमार आदि मंच पर उपस्थित थे। इस मौके पर रवि शंकर ने नियोजकों एवं बीमाकृत व्यक्तियों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा हाल ही में की गई नई पहलों जैसे- अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, उमंग एप, चिंता से मुक्ति, आदि के साथ-साथ ईएसआईसी के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले विभिन्न हित लाभों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। इस मौके पर होटल क्राउन प्लाजा (रोहिणी) के एचआर मैनेजर रिमझिम सिंह द्वारा धन्यवाद अर्पित किया गया।

> बड़ी ख्या में लोग पहुंचकर उठा रहे योजनाओं का लाभ



## मंच से समस्याओं का निपटान

इस मौके पर अधिकारियो ने नियोजकों एवं बीमाकृत व्यक्तियों की समस्याओं को भली-भांति सुनकर तत्काल निपटान भी किया। यहां बता दें कि उप क्षेत्रीय कार्यालय रोहिणी व इसके अधीनस्थ शाखा कार्यालयों नांगलोई, नरेल बादली और अशोक विहार द्वारा 14 फरवरी से 28 फरवरी तक नियोजकों व बीमाकृत व्यक्तियों की शिकायतों के निपटान के लिए विशेष सुविधा समागम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और लाभ उठा रहे हैं।

